# खेलकूद विभाग, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महा. सागर (म.प्र.)

# जिला, संभाग, राज्य तथा अंतर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगितायें

# विजेता, उप–विजेता एवं सहभागिता

# सत्र 2019–20

डॉ. मोनिका हार्डीकर

मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा निर्देशित महिला वर्ग की इन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की टीमों ने जिला स्तर बैडमिंटन, खो–खो, कबड्डी, फुटबॉल, व्हॉलीबाल, कुश्ती, जूडो, टेबिल–टेनिस, शतरंज में विजेता का स्थान एवं संभाग स्तरीय एथलेटिक्स में लगातार चौथे वर्ष चैम्पियनशिप प्राप्त की एवं हॉकी, योग और बास्केटबॉल, क्रिकेट में सहभागिता रही।

जिला दल का प्रतिनिधित्व करते हुये बेडमिंटन ,खो–खो,कबड्डी, व्हालीवाल, क्रिकेट, कुश्ती टेबिल–टेनिस, शतरंज की संभाग स्तर प्रतियोगिता में विजेता का स्थान प्राप्त किया। साथ ही राज्य एवं अन्तर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता– राज्य स्तरीय एथलेटिक्स 07, हॉकी 04 साथ ही राज्य एवं अन्तर्विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता क्रिकेट में 06, खो–खो में 03, व्हालीबॉल में 05, बास्केटबॉल 02, बैडमिंटन में 02, कुश्ती में 10, जूडो 01 तथा फुटबॉल 02 एवं योग 06, शतरंज 02, कबड्डी 06, टेविल–टेनिस 02 छात्राओं द्वारा महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया गया।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में कु.संजना तिवारी 72 कि.ग्राम स्वर्ण पदक, कु.राजमणि परमार 59 कि.ग्राम स्वर्ण पदक एवं दीपशिखा दांगी 68 कि.ग्राम स्वर्ण पदक,निकिता राजपूत 53 कि.ग्राम रजत पदक,दीपशिखा आठिया 65 कि.ग्राम ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में कु. सिमरन मौर्य ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया एंव अखिल भारतीय अंतर्विवविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता में पाँचवा स्थान प्राप्त कर खेलो इंडिया अंतर्विवविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता में सहभागिता दी।

राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में कु. रिचा लोधी, कु. बर्षा लोधी, कु. रितु पटैल,कु. जया चौरसिया, कु. वैष्णवी दांगी, कु.मोनिका पटैल ने रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय को गैरवांवित किया राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इसके अतंर्गत स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 6000/– रूपये, रजत पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 5000/– रूपये, एवं कास्य पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 4000/– रूपये, प्रोत्साहन राशि दिया जाता है।

राज्य स्तरीय शतंरज प्रतियोगिता में कु. भव्या छावडा एवं कु. शिवांका लोधी ने संभाग दल की सहभागिता कर उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में 31 दिवसीय कराते प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया शिविर 150 छात्राओं ने सहभागिता दी इसके साथ ही योग अभ्यास की कक्षा प्रतिदिन संचालित हैं।

महाविद्यालय की खेलकूद समिति एवं महाविद्यालयीन परिवार के सहयोग से सत्र 2019–20 में महाविद्यालय द्वारा जिला एवं संभाग स्तरीय कुश्ती (पुरूष/महिला) जिला एवं संभाग स्तरीय योग, जिला एवं संभाग स्तरीय कबड्डी

(महिला), जिला स्तरीय क्रिकेट, प्रतियोगिताओं का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया एवं कुश्ती (पुरूष/महिला) कबड्डी (महिला) योग (महिला) दलो को अंतर्विवविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में छतरपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व महाविद्यालय द्वारा करवाया गया।

सत्र 2019-20 के लिये जिला, संभाग, राज्य स्तरीय एवं अंतर्विवविद्यालयीन प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने एवं स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

## (1) जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता विजेता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. संजना तिवारी | MA I Sem | * | स्वर्ण पदक | * |
| 02 | कु. राजमणी परमार | BA I Yr | * | स्वर्ण पदक | * |
| 03 | कु. दीपशिखा दांगी | B.Sc III Yr | * | स्वर्ण पदक | |
| 04 | कु. निकिता राजपूत | BA III Yr | * | रजत पदक | * |
| 05 | कु. शालिनी कुशवाहा | MA I Sem | * | * | * |
| 06 | कु. वंशिका दुबे | B.com II Yr | * | | |
| 07 | कु. दीपशिखा आठिया | BA I Yr | * | कांस्य पदक | * |
| 08 | कु. मानसी जैन | M.Sc I sem | * | * | * |
| 09 | कु. विशाखा लोधी | BA II Yr | * | * | |
| 10 | कु. श्रद्धा काछी | B.Sc II Yr | * | * | * |

## (2) जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. सिमरन मौर्य | MA I Sem | * | स्वर्ण पदक | * |
| 02 | कु. सपना अहिरवार | MA III Sem | | | कु. सिमरन मौर्य ने अखिल भारतीय अंतर्विवविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता में पाँचवा स्थान प्राप्त कर चयनित हो कर खेलो इंडिया अंतर्विवविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता में सहभागिता दी। |
| 03 | कु. नेहा यादव | B.H.Sc II Yr | | | |
| 04 | कु. रोशनी अहिरवार | B.Sc I Yr | | | |
| 05 | कु. इशिका घारू | BA I Yr | | | |
| 06 | कु. श्रुति जैन | B.Com I Yr | | | |

## (3) जिला स्तरीय बेडमिंटन प्रतियोगिता – विजेता 2019–20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. शिखा पटैल | BA II Yr. | * | * | * |
| 02 | कु. जया विश्वकर्मा | B.Sc III Yr. | * | * | * |
| 03 | कु. सोनाली सोनी | BCA I Sem | | | |
| 04 | कु. अंजली अहिरवार | B.Sc I Yr. | | | |

## (4) जिला स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता – विजेता 2019–20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. अंजली चौरसिया | MA I Sem | * | * | * |
| 02 | कु. सूर्यांशी पाण्डेय | M.Sc I Sem | * | * | * |
| 03 | कु. रूपमंजरी दांगी | B.com II yr | * | * | * |
| 04 | कु. यशिका कटारे | B.com II yr | | | |
| 05 | कु. शीतल राजपूत | B.com II yr | | | |
| 06 | कु. सोनाली यादव | B.SC II Yr | * | * | |
| 07 | कु. हर्षिता सेन | M.Sc I Sem | | | |
| 08 | कु. अनुश्री चौरसिया | B.Sc I Yr | | | |
| 09 | कु. श्रुति सिंह करन | B.Sc I Yr | | | |
| 10 | कु. आयुषी जैन | BA II Yr | | | |
| 11 | कु. प्रगति जैन | B.com II yr | | | |
| 12 | कु. श्वेता राय | B.Sc I Yr | | | |

## (5) जिला स्तरीय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता – विजेता 2019–20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. अनुप्रिया विश्वकर्मा | B.Com II Yr. | * | * | * |
| 02 | कु. वैशाली गौतम | B.Com II Yr. | * | * | * |
| 03 | कु. दर्शना जैन | B.Sc II Yr. | | | |
| 04 | कु. सोनाली सोनी | BCA I Sem | | | |

## (6) जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता - विजेता 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. शिवानी लोधी | B.com II yr | * | * | * |
| 02 | कु. निशा पटैल | B.Sc I yr | * | * | * |
| 03 | कु. सत्या घोषी | BA II Yr | * | * | * |
| 04 | कु. अनुजा गर्ग | BA II Yr | * | * | * |
| 05 | कु. समीक्षा अग्रवाल | B.Sc II Yr | * | * | * |
| 06 | कु. परिधि गर्ग | B.Sc II Yr | * | * | * |
| 07 | कु. उमा विश्वकर्मा | M.Sc I Sem | | | |
| 08 | कु. महक घोषी | B.Sc II Yr | | | |
| 09 | कु. मुस्कान ठाकुर | B.Sc II Yr | | | |
| 10 | कु. नीलमणी राजौरिया | B.Sc I Yr | | | |
| 11 | कु. प्रियंका सेन | BA I Yr | | | |
| 12 | कु.प्रगति गर्ग | B.Sc I Yr | | | |

## (7) जिला स्तरीय बॉलीवाल प्रतियोगिता - विजेता 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. शिल्पी अहिरवार | MA III Sem | * | * | * |
| 02 | कु. राधा पटेल | BA II Yr | * | * | * |
| 03 | कु. अदिति बख्शी | B.com II yr | * | * | * |
| 04 | कु. रूकमणी सौर | BA II Yr | * | | |
| 05 | कु. प्राप्ति कुर्मी | B.Sc II Yr | * | * | * |
| 06 | कु. कीर्ति गंधर्व | B.Com III Yr | | | |
| 07 | कु. उपमा ढाँगी | MA I Sem | | | |
| 08 | कु. पल्लवी अहिरवार | B.SC II Yr | * | * | * |
| 09 | कु. कविता पटवा | B.Sc. I Yr | | | |
| 10 | कु. राधिका ठाकुर | B.Sc. I Yr | | | |
| 11 | कु. सुषमा लोधी | M.Sc I Sem | * | | |
| 12 | कु. सरस्वती बंसल | B.Com III Yr | | | |

## (8) जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता - विजेता 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. भव्या छावडा | MA I Sem | * | रजत पदक | * |
| 02 | कु. शिवांका राजपूत | MA I Sem | * | रजत पदक | * |
| 03 | कु. तृप्ती शांडिल्य | MA I Sem | * | | |
| 04 | कु. कविता सिंह | BA II Yr | | | |
| 05 | कु. मानसी साहू | B.Sc III Yr | | | |
| 06 | कु. वैशाली जैन | M.Sc I Sem | | | |

## (9) जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय विजेता | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. रीना | MA I Sem | * | | |
| 02 | कु. निकिता पाठक | B.SC II Yr | * | * | * |
| 03 | कु. शिल्पी दाँगी | M.Sc I Sem | * | * | * |
| 04 | कु. नीलम दहायत | M.Sc I Sem | * | * | * |
| 05 | कु. शिखा वैशनव | B.SC I Yr | * | | |
| 06 | कु. सोनाली अग्रवाल | BA II Yr | * | | |
| 07 | कु. प्राप्ति कुर्मी | B.SC II Yr | * | * | * |
| 08 | कु. कीर्ति गधर्व | B.Com III Yr | * | * | * |
| 09 | कु. निकिता दाँगी | B.Com II Yr | * | | |
| 10 | कु. रक्षा यादव | BA II Yr | * | * | * |

## (10) संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता - विजेता 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | कु. उपमा दाँगी | MA I Sem | * | |
| 02. | कु. सुषमा लोधी | M.Sc I Sem | * | |
| 03. | कु. जया विश्वकर्मा | B.Sc III Yr. | * | |
| 04. | कु. रूकमणी सौर | BA II Yr | | |
| 05. | कु. उमा विश्वकर्मा | M.Sc I Sem | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 06. | कु. वंदना तिवारी | BA III Yr | | |
| 07. | कु. शिल्पी ढाँगी | M.Sc I Sem | | |
| 08. | कु. सोनाली अग्रवाल | BA II year | | |
| 09. | कु. सृष्टि दुबे | B.com II Yr | * | |
| 10 | कु. रोशनी पटेल | BCA I Yr | | |
| 11 | कु. सुधा गौंड़ | B.SC II YR | * | |
| 12 | कु. रिचा यादव | B.com II Yr | * | |
| 13 | कु.प्रियंका सेन | BA I YR | * | |
| 14 | कु. मानसी विश्वकर्मा | BA I YR | | |

## (11) संभाग स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कु. साक्षी राजपूत | B.Sc III Yr | * | * |
| 02 | कु. अमृता राजपूत | B.Sc III Yr | * | * |
| 03 | कु. सुरभी पटेल | B.Sc III Yr | | |
| 04 | कु. मानसी केशरवानी | B.Sc III Yr | * | |
| 05 | कु. डॉली लारिया | BA III Yr | | |
| 06 | कु. अदिति जैन | B.Sc III Yr | | |
| 07 | कु. सीता चढार | B.Sc III Yr | | |
| 08 | कु. सोनिका उपाध्याय | B.Sc III Yr | | |
| 09 | कु. प्राचीं लालवानी | B.Sc III Yr | | |
| 10 | कु. साक्षी घोषी | BA III Yr | | |
| 11 | कु. गायत्री यादव | BA II Yr | | |

## (12) संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | रूपाली विश्वकर्मा | M.Com III Sem | * | |
| 02. | तनिष्का साहू | M.Sc I Sem | * | |
| 03. | शामीन खान | M.Com I Sem | * | |
| 04. | सैयद निशा | B.Com I YR | * | |

## (13) संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता - 2019-20


| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|
| 01. | कु. रिचा लोधी | B.Sc III YR | रजत पदक | * |
| 02. | कु. वर्षा लोधी | B.Sc III YR | रजत पदक | * |
| 03. | कु. रितु पटैल | BA III Yr | रजत पदक | * |
| 04. | कु. जया चौरसिया | B.Sc III YR | रजत पदक | * |
| 05. | कु. वैष्णवी दांगी | BA II Yr | रजत पदक | * |
| 06. | कु. मोनिका पटैल | BA II Yr | रजत पदक | * |

## (14) संभाग स्तरीय बॉस्केट बॉल प्रतियोगिता - 2019-20

| क्र. | छात्रा का नाम | कक्षा | संभाग स्तरीय | राज्य स्तरीय | अंतर्विश्वविद्यालयीन |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कु कंचन सूर्यवंशी | M.Sc I Sem | * | * | * |
| 02 | कु रोशनी अहिरवार | B.Com II yr | * | | |
| 03 | कु दीपा विश्वकर्मा | M.Com I Sem | * | | |
| 04 | कु सोनम सेन | B.Sc I Yr | * | | |
| 05 | कु. कामनी ठाकुर | B.Com I yr | * | | * |
| 06 | कु. आरती | BA III Yr | * | | |
| 07 | कु. प्रीति लोधी | B.Com I yr | * | | |
| 08 | कु. अकांक्षा जैन | B.Sc II Yr | * | | |
| 09 | कु. आशी शुक्ला | B.Com II yr | * | | |
| 10 | कु. जयश्री राजपूत | B.Sc I Yr | * | | |

आयोजन रैली निकालकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

### रासेयो ने ठाना है ग्राम जागरूक बना



### शिविर... डॉक्टरों ने की महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच

सागर | गर्ल्स एक्सीलेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की द्वितीय और तृतीय ईकाई के संयुक्त शिविर का आयोजन कुढ़ारी गांव में किया जा रहा है। इस दौरान डॉ. संजीव मुखारया और डॉ. जान्हवी मुखारया ने छात्राओं के साथ ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की। वहां बौद्धिक सत्र में कम्प्यूटर प्रशिक्षण और महिला अपराध के संबंध में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान ज्योति तिवारी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अंजना पाठक, डॉ. प्रतिमा खरे आदि मौजूद थीं। आभार डॉ. भावना रमैया ने माना।



# प्रतिवेदन
## नियमित गतिविधि
## सत्र 2019–2020
## राष्ट्रीय सेवा योंजना इकाई द्वितीय एवं तृतीय

कार्यक्रम अधिकारी

| | |
|---|---|
| डॉ. भावना रमैया | डॉ. अपर्णा चांचोदिया |
| रा.से.यो.इकाई 2 | रा.से.यो.इकाई 3 |

1. दिनांक 02.09.19 – स्वयं सेवियों का उन्मुरखीकरण कार्यक्रम इकाई द्वितीय एवं तृतीय संयुक्त कार्यक्रम
2. दिनांक 10.10.19 – वृक्षारोपण उन्मुखीकरण कार्यक्रम इकाई द्वितीय एवं तृतीय संयुक्त कार्यक्रम
3. दिनांक 10.12.19 – मानव अधिकार दिवस उन्मुखीकरण कार्यक्रम इकाई द्वितीय एवं तृतीय संयुक्त कार्यक्रम
4. दिनांक 18.01.20 – राष्ट्रीय सेवा योजना महाराजा छात्रसाल वि.वि. बुन्देलखंड वि.वि. छतरपुर पत्र क्रं. 738/रा.से.यो./2019 सागर दिनांक 14.01.2020 के संदर्भ में किट इंडिया मूवेंमेट पर सायकिल रैली/दौड़ का आयोजन शास स्ना. कन्या महा. सागर में
5. दिनांक 27.01.20 – 108 एम्बुलेंस जिला अधिकारी श्री खान एवं स्टाफ द्वारा स्वाथ्य परीक्षण किया गया।
6. दिनांक 26.01.20 – राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय की स्वयंसेवी सुश्री साक्षी गुप्ता, सुश्री आकृति तिवारी, सुश्री गीता द्वारा गणतंत्र दिवस पर पी.टी.सी. ग्राउन्ड में परेड प्रदर्शन
7. दिनांक 30.01.20 – शहीद दिवस पर गांधी जी के कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति एवं पौधे लगे गमले गोद दिये गये।
8. दिनांक 07.03.20 – अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण ,महिला हिंसा पर स्वयंसेविका द्वारा नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति महा. में
9. दिनांक 08.03.20 – पुलिस अधीक्षक के आदेशनुसार अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मकरोनिया चौराहा एवं बस स्टैण्ड पर महिला सशक्तिकरण पर नुक्कड़ नाटक
10. दिनांक 15.03.20 – महा.में पोषण जागरूकता पोस्टर एवं स्लोगन का दिवालों पर चस्पा एवं सोशल डिसटेंसिंग का स्थान रखते हुये व्यक्तिगत रूप से रहना।
11. दिनांक 16.03.20 – महा.में कोराना पर पोस्टर एवं स्लोगन का दिवालों पर चस्पा एवं सोशल डिसटेंसिंग का स्थान रखते हुये व्यक्तिगत रूप से जागरूकता
12. दिनांक 17.03.20 – महा. के बाहर स्वयंसेवियों के अपने घर के आसपास एवं गोदग्राम कुड़ारी में कोरोना जागरूकता अभियान
13. दिनांक 19.03.20 – महा. के बाहर स्वयंसेवियों के अपने घर के आसपास एवं गोदग्राम कुड़ारी में पोषण जागरूपता अभियान
14. दिनांक 20.03.20 – महा. के बाहर घर के आसपास एवं गोदग्राम कुड़ारी में घर पर स्वयं मास्क तैयार कर वितरण किया।

# प्रतिवेदन

## राष्ट्रीय सेवा योजना – ईकाई (द्वितीय एवं तृतीय)

## गोद–ग्राम कुड़ारी , ग्राम पंचायत कुड़ारी जिला सागर म.प्र.

## सात दिवसीय शिविर (संयुक्त शिविर) : दिनांक 04.02.2020 से 10.02.2020

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ. भावना रमैया — रा.से.यो.इकाई 2

डॉ. अपर्णा चांचोदिया — रा.से.यो.इकाई 3

शासकीय स्वाशासी कन्या उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वितीय एवं तृतीय के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 04.02.2020 से 10.02.2020 तक गोद ग्राम कुड़ारी में विशेष शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समाजसेवा, रचनात्मक, सृजनात्मकता, आत्मविश्वास के भाव विकसित करना जिससे वे समाज एवं ग्रामीण परिवेश को जान सके एवं गांव तथा शहर के बीच की दूरी कम हो सकें। इसके साथ विभिन्न कार्यक्रमों एवं जागरूकता रैली, नुक्कड नाटक, बौद्धिक कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से जानना एवं समाधान खोजना भी था। अर्थात् समाजसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास करना।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धांत वाक्य मुझको नहीं तुमको का आधार बनाकर स्वंय सेवकों में सामाजिक दायित्व, चेतना अनुशासन,श्रमदान सहयोग की भावना को प्ररित करना है।

### विशेष शिविर गतिविधियाँ

उद्घाटन – शिविर का उद्घाटन – मुख्य अतिथि श्रीमति कविता अहिरवार सरपंच ग्राम कुड़ारी ,विशिष्ट अतिथि डॉ अंजना पाठक प्राचार्य शास.हाई स्कुल कुड़ारी एवं प्राचार्य शास.स्ना.उत्कृ.कन्या महा. डॉ इला तिवारी की अध्यक्षता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.भावना रमैया एवं डॉ. अपर्णा चांचोदिया महाविद्यालयीन स्टाफ डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. अरविन्द्र बोहरे, डॉ. संतोष गुप्ता, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. मोनिका हार्डीकर श्री गंधार्व सिंह राजपूत सचिव ग्राम पंचायत कुड़ारी, ग्रामीण जन श्री मनीष यादव, सुश्री वैष्णवी यादव, श्रीमति कृष्णा मनीषा यादव की उपस्थिति में मॉ सरस्वती एवं युवा चेतना के प्रतीक स्वामी विवेकानंद जी तथा महापुरूष महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

शिविर के उ.श्य की प्राप्ति एवं स्वयंसेविकयों के लक्ष्य निर्धारित कर कार्यो को इस प्रकार विभाजित किया गया।

1. प्रात: पाली (5:30 से 10:30) सुबह 5:30 बजे जागरण एवं प्रभात फेरी जिसमें प्रारंभ एवं भजन उठो जाग मुसाफिर भोर भई से प्रारंभ एवं लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे से समाप्त होता है। इसके पश्चात् रोल काल एवं पी.टी. के लिये चिन्हित लाईन पर निर्धारित आवंटित अनुसार छात्राओं को उपस्थिति एवं पी.टी'। नित्यक्रिया से निवृत्त होकर योग हेतु मंच के समक्ष उपस्थित होना प्रति दिवस योग प्रशिक्षण सुश्री वैष्णवी यादव स्थानीय योग प्रशिक्षक द्वारा दिया जाता था। छात्राओं को प्रति दिवस समूह में गतिविधियों के सम्पन हेतु आंवटित करना। शिविर दर्पण का प्रदर्शन एवं जन्मदिवस मनाया।चाय एवं नाशता के पश्चात् छात्रायें।

**स्वच्छता एवं श्रम कार्य** – यह कार्य आंवटित समूहों द्वारा जिसमें पूरे प्रांगण की सफाई सज्जा, कक्षा की सफाई श्रम दान कार्य किया गया।

**ग्रामीण भ्रमण एवं जागरूकता रैली** – यह कार्य आवंटित समूहों द्वारा जिसमें ग्रामीणों की समस्यायें,सामाजिक आर्थिक स्तर का अध्ययन जिसमें पेयजल समस्या,चिकित्सा,कुटी समस्या एवं कुछ स्थानों पर असामाजिक वातारण जिसमें ग्रामीण महिलाओं को समस्यायें है पाया गया।

जागरूकता रैली के अंतर्गत मतदान,स्वच्छता,पोषण,स्वास्थ्य ,पर्यावरण जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीण के घर की दीवारों पर स्लोगन लेखन एवं नेम प्लेट निर्माण का कार्य। भ्रमण के दौरान छात्राओं द्वारा स्वास्थ्य शिविर के ग्रामीणों को आमंत्रित भी किया जाता था।

**नवाचार कार्य** – पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नवाचार कार्य किया गया जिसमें ग्रामीणों के घर-घर जाकर स्वयंसेवियों ने पौधा रूपित कर ग्रामीणों को गोद दिया तथा शपथ दिलाई कि आप इस पौधे की रक्षा करेगें। इस प्रकार वृक्षारोपण जैसी पर्यावरण संरक्षण गतिविधियाँ सम्पन्न की। जिसमें 150 पौधे गोद दिये गये इस क्षेत्र में महाविद्यालय परिवार प्राचार्य डॉ इला तिवारी, डॉ अंजना चतुर्वेदी, डॉ अंजना नेमा, डॉ सुनीता त्रिपाठी, डॉ अनिल शर्मा, डॉ रश्मि दुबे, डॉ अरविन्द बोहरे, डॉ मोनिका हार्डीकर, डॉ सुनिता सिंह, डॉ प्रतिभा खरे द्वारा गार्ड लगाने के लिये राशि दी गई।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से श्री दिनेश पाडे, श्री संजय सेन, श्री शैलेन्द्र पटैल, श्री विष्णु यादव उपस्थित रहें। मुक्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री अब्दुल मंसूरी भी उपस्थित रहें।

**10:30 से 12:30 स्वास्थ्य शिविर** – प्रति दिवस स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया था। जिसमें –

**महिला स्वास्थ्य परीक्षण शिविर** – डॉ. नीना गिडियन, डॉ. साधना मिश्रा, डॉ. मोनिका जैन (आई.एम.ए.) के द्वारा स्वंयसेवियों तथा ग्रामीण का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा स्वास्थ्य जागरूकता पर व्याख्यान दिये। डॉ. जान्हवी मुखरया(स्त्री रोग विशेषज्ञ) वर्धा महाराष्ट द्वारा परीक्षण कार्य किया गया।

**रक्त परीक्षण एवं दवा वितरण** – शास.प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर से डॉ. माधवी श्रीवास्तव, सपना पटैल, श्रीमति सुनिता यादव, श्री संदीप विश्वकर्मा, द्वारा स्वंय सेवियों, ग्रामीण महिला शास. हाई स्कूल कुड़ारी की किशोर बालिकाओं का रक्त परीक्षण स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवा वितरित की गई।

**रक्तदान शिविर** – शास.चिकित्सालय सागर के डॉ. आर.के. बिदुओं,सुश्री प्रीति जैन की टीम द्वारा स्वयंसेवी एवं ग्रामीणों द्वारा रक्त दान कर 11 यूनिट रक्त दान किया गया। जिसमें चिकित्सालय द्वारा रक्त दान कर्ता को प्रमाण पत्र,जूस,बिस्किट का वितरण किया गया। शिविर के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा रक्त दानकर्त्ता को फल एवं जूस का वितरण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतगर्त डॉ. राजेन्द्र चौदा (हृदय रोग विशेषज्ञ) द्वारा ग्रामीण जनों का परीक्षण एवं छात्राओं को पोषण जागरूकता पर व्याख्यान दिया गया।

**बौद्धिक सत्र (11:30 से 3:30)** – स्वामी विवेकानंद केन्द्र,कार्यकर्त्ता श्री नील रतन पात्रा जी द्वारा स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

बीमा सलाहकार एवं कौरियर परामर्शदाता श्री संदीप शर्मा जी द्वारा छात्राओं को कौरियर के विभिन्न आयामों एवं लक्ष्य निर्धारण के चरण तथा प्राप्ति के तरीके बताये।

महाविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग से डॉ. अनिमेष जैन, डॉ. अभिषेक समैया, डॉ, दीपेश जैन, सुश्री मनीषी शाक्य द्वारा कम्प्यूटर जागरूकता इन्टरनेट सिक्यूरिटी, साईबर क्राईम, ईमेल निर्माण के बारे में बताया गया।

विशेष महिला सेल थाना सिविन लाईन सागर से श्रीमति रीना सिंह, सुश्री मालती पटैल चाईल्ड हेल्थ लाईन से

श्री मोनू मोरिस विशेष किशोर पुलिस इकाई सागर से श्रीमती ज्योति तिवारी तथा श्री सतीश तिवारी द्वारा स्वंयसेवी तथा ग्रामीणों को महिला कानून,किशोर अपराध पुलिस की भूमिका बच्चों 1098 का महत्व एवं कार्य से अवगत कराया।

**108 एम्बुलेंस–** 108 एम्बुलेंस से तरवेज खान, दिलीप चौधरी,ऋषिराज दुबे द्वारा फर्स्ट रिस्पौडर कार्यक्रम में बताया कि एक रा.से.यो. स्वयंसेवी होने के नाते किसी घायल,हार्टटिक, सड़क दुर्घटना में क्या भूमिका है इस संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमति निशा एवं श्रीमति ज्योति रावत द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पास्को एक्ट पर आधरित फिल्म,गुड टच बेड टच आधरित फिल्म दिखाकर जागरूक किया। कार्यक्रम समन्यवक डॉ.भूपेन्द्र कुमार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य,गतिविधियों,महत्व,कार्यप्रणली, पुरूस्कारों से अवगत कराया गया। मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्री मंसुरी द्वारा भी छात्राओं रा.से.यो. की जानकारी दी।

**अमरशहीदों के दुर्लभ दस्तावेजों एवं चित्रों की प्रदर्शनी–** पं. रामनारायण शर्मा बीना के द्वारा अमर शहीदों के दुर्लभ दस्तावेजों एवं चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका उद्देश्य महापुरूषों के जीवन चरित्र से परिचय कराना, राष्ट्रभक्ति की अलख जगाना,जो समाज सेवी के व्यक्तित्व का एक अंग है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम (3:30 से 4:30 शाम)** – श्रीमती कजरी जैन एवं श्रीमती वसुधा जैन द्वारा आभूषण निर्माण मेंहदी निर्माण प्रशिक्षण दिया गया।

**खेल प्रशिक्षण सांय 5:00से 6:0 बजे तक** – श्री मनीष यादव खिलाड़ी द्वारा प्रति दिवस शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से स्वयंसेवियो को रा.से.यो. खेल खिलवाया गये।

**नुक्कड़ नाटक (6:00 से 6:30)** – गांव की चौपाल में सांय स्वच्छता,स्वास्थ्य,बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं ,पर नुक्कड़ नाटक किया गया। चाईल्ड हेल्थ लाईन के श्री मोनू मोरिस टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक गांव की चौपाल पर किया गया।

**प्रतियोगिता (6:30 से 7:30)** – प्रतियोगिता सत्र में स्वंय सेवियों की मेंहदी प्रतियोगिता हुई जिसमें वर्षा प्रजापति प्रथम,अनुमति जाट द्वितीय रेखा गौड़ तृतीय। स्लोग्न प्रतियोगिता – वर्षा प्रजापति प्रथम,मनु उपाध्याय द्वितीय ,साक्षी गुप्ता तृतीय पोस्टर प्रतियोगिता प्राजंल चाचोदिया प्रंथम ,प्रीति विश्वकर्मा द्वितीय सरस्वती बंसल तृतीय ।रंगोली प्रतियोगिता वर्षा प्रजापति प्रथम वर्षा ठाकुर द्वितीय मनु उपाध्याय तृतीय।

**शिविर दर्पण** – रोशनी अहिरवार,सोनाली प्रजापति,लक्ष्मी लोधी,आकृति तिवारी का उत्तम शिविर दर्पण का पूरूस्कार दिया गया प्रतियोगिता का उद्!देश्य स्वंयसेविकों में निहित योग्ययता को प्रशिक्षण देकर व्यक्तित्व विकास करना है।

**सांस्कृतिक संध्या** – सांस्कृतिक संध्या पर, ग्रामीण महिला भजन एवं सुंदरकांड, हास्य नाटिका, नुक्कड नाटक, लोकनृत्य, लोकगीत गाकर छात्राओं के मनोरंजन किया।

**समापन कार्यक्रम** – समापन कार्यक्रम मृख्य अतिथि श्री राहुल पांडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विशिष्ट अतिथि श्रीमती कविता अहिरवार संरपंच कुड़ारी डॉ. अंजना पाठक (प्राचार्य शास.हाई.स्कूल कुड़ारी) डॉ. शैलेष आचार्य (विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा कार्यालय सागर) डॉ. रामकुमार गोस्वामी (विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा कार्यालय सागर)

**अध्यक्षा** – डॉ. जी.एस.रोहित अतिरिक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय,उच्च शिक्षा,सागर संभाग रहें।एवं प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के संरक्षण में हुआ। जिसमें दोनों इकाईयों की एवं स्थानीय छात्रओं 90 लोगों को सात दिवसीय शिविर सहभागिता का प्रमाण पत्र एवं मेंडल देकर सम्मानित किया। समस्त बौद्धिक सत्र आमंत्रित विषय विशेषज्ञ,सहयोगियों (ग्रामीण जन) को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रकार डॉ. भावना रमैया एवं डॉ. अपर्णा चंचोदिया के निर्देशन एवं संस्था प्राचार्य डॉ. इला तिवारी एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकों,कर्मचारियों,सहयोग से ग्राम कुड़ारी में आयोजित किया गया। जिसमें शिविर के स्वयंसेवी ने गांव में रहकर गांव को जाना,समझा,ग्रामीणोंजनों से वार्तालाप की शैली को जाना,समस्याओं को समझा,समाधान का प्रयास किया।

समाजसेवा का भाव लेकर स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण, समाजिक समस्या समाधन के लिए कार्य किये। ग्रामीणजन रा.से.यों. इकाई के संयुक्त शिविर द्वारा आयोजित ग्रामीण विकास गतिविधियों से रूबारू हुये एवं प्रशंसा की।

विशेष उपलब्धि –

1. राज्य स्तरीय केंप – सहभागिता, आयोजित – दिनांक 03.01.2020 से 09.01.2020
   ग्राम ज्योत्वर गोरेगांव – जिला जबलपुर, कु. मनु उपाध्याय एनएसएस 2,कु. प्रीति राजपूत एनएसएस 2
2. राष्ट्रीय एकता शिविर– जयपुर दिनांक 25.02.2020 से 03.03.2020, कु. शिल्पी अहिरवार एनएसएस 2

## एक वक्त

एक वक्त
हम बहुत खुशनसीब हुआ करते थे
न कोई गम हुआ करते थे सितम हुआ करते थे
एक वक्त
हम उसकी आँखों के नूर हुआ करते थे
तो बड़े मशहूर हुआ करते थे
एक वक्त
हम उससे दूर हुआ करते है
और उसकी एक झलक के लिए मरते है
एक वक्त
एक वक्त तो दोस्तो का सहारा है
और आगे की मंजिल का किनारा है।
एक वक्त
हम भी बिछड़ जायेगे
जब दूर अपनी मंजिल को जायेगें
एक वक्त
हम अपनी जिंदगी को उन सब की
यादों के सहारे बितायेगे
एक वक्त
हम भी कहीं अपने में गुम हो जायेगे।



– समीक्षा जैन
B.Com Ist Year, Roll No. C/19/329
Mob. No. 8305726414

❖ ❖ ❖

## जिंदगी

जब से परीक्षा वाली जिंदगी पूरी हुई है
तब से जिंदगी की परीक्षा शुरू हो गई है
आज मुझे एक नया अनुभव हुआ
अपने मोबाइल से अपना ही नंबर
लगाकर देखा, आवाज आयी
The Number you have call is busy ....
फिर ध्यान आया किसी ने क्या खूब कहा है .......
औरों से मिलने में दुनिया मस्त है पर,
खुद से मिलने की सारी लाईन व्यस्त है
कोई नहीं देगा साथ तेरा यहाँ
हर कोई यहाँ खुद ही में मशगुल है
जिंदगी का बस एक ही उसूल है यहाँ
तुझे गिरना भी खुद है
और संभलना भी खुद है



– नैनसी जैन
B.Com Ist Year
Roll No. C/19/202
Mob. No. 7879443067

❖ ❖ ❖

# प्रतिवेदन

**डॉ. भावना यादव, प्रभारी,**
सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान
शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर
उत्.ष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

## पॉक्सो एक्ट 2019-2020

वर्ष भर 'पाक्सो एक्ट' के प्रति छात्राओं को जागरूकता हेतु विभिन्न जागरूकता उद्‌बोधनों सहित विषय विशेषज्ञ अतिथि यथा डॉ. बी. डी. अहिरवार, प्राचार्य जबेरा महाविद्यालय, डॉ. चित्रा प्रभात, कटनी, डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय, डॉ. आशीष द्विवेदी द्वारा छात्राओं को विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित होकर पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। इसके साथ ही डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. भावना यादव द्वारा भी एक्ट की जानकारी देते हुए रैली, पोस्टर, प्रतियोगिता के साथ शासन द्वारा निर्देशित गतिविधियों को पूर्ण किया गया।

## युवा संकल्प वर्ष 2019-2020

स्व. राजीव गाँधी के 75वें जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में ''युवा संकल्प वर्ष'' के संदर्भ में साल भर विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर श्री राजीव गाँधी द्वारा राष्ट्र विकास हेतु किये गये कार्यो यथा मतदान की आयु 21 से 18 वर्ष, खेलरत्न पुरस्कारों की शुरूआत, एशियाड खेल भारत में तथा सूचना तकनीक और दूर संचार क्रांति के जनक के रूप में कार्य, शैक्षणिक क्षेत्र में नवोदय विद्यालय की शुरूआत, राष्ट्रीय एकीकरण हेतु प्रयास, उच्च शिक्षा में ''इग्नू'' की स्थापना आदि कार्यो की जानकारी, प्रश्नमंच, निबन्ध, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताओं के माध्यम से दी गई।

## महात्मा गाँधी की 150 वी जन्म जंयती वर्ष 2019-2020

महात्मा गाँधी की 150वीं जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में साल भर विभिन्न कार्यक्रमों को सतत् किया गया जिसमें गाँधीजी के विशाल और व्यापक व्यक्तित्व और कृतिव्य की जानकारी छात्राओं को दी गई। छात्राओं की सहभागिता प्रश्नमंच, पोस्टर, निबंध, भाषण प्रतियोगिताओं के द्वारा सुनिश्चित करते हुए गाँधीजी द्वारा देशहित में किये कार्यो की सतत् जानकारी वर्ष भर छात्राओं को दी गई। लोक नायक के युग निर्माता के रूप में स्मरण किये जाने वाले आधुनिक भारत के निर्माता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बिना आज के भारत की कल्पना संभव नहीं है उन्होनें स्वतन्त्रता प्राप्ति के संघर्ष में अभूतपूर्व आत्मिक शक्ति और चिन्तन का परिचय दिया। आज जबकि मानवता युद्ध आतंक घृणा और अहिंसा से ग्रंसित है गांधी जी का जीवन दर्शन उसे सुरक्षा, शांति और प्रेम का मार्ग दिखाता है। इतना ही नहीं गांधी जी ने स्वच्छता हेतु आत्मनिर्भरता के लियें लघु उद्योगों के जिस महत्व को बताया है। वह कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं तक पहुंचाया गया।

❖ ❖ ❖

# एल्यूमिनी एसोसियेशन

**डॉ. रेखा बख्शी**
अध्यक्ष

**डॉ. पद्मा आचार्य**
सचिव

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की विकास यात्रा की लंबी कहानी है। यह महाविद्यालय सागर संभाग में उच्च शिक्षा का प्रमुख केन्द्र है। 1963 में मात्र 10 छात्राओं के साथ कला संकाय के कुछ विषयों के साथ यह महाविद्यालय अस्तित्व में आया। 1965 में नगर पालिका सागर के अधीन अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाया। 1978 में मध्यप्रदेश शासन द्वारा विधिवत अधिग्रहण के पश्चात् यह महाविद्यालय अपनी उन्नति करता चला गया।

कला, वाणिज्य, विज्ञान, गृहविज्ञान तथा अन्य व्यावसायिक, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ आज महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या 12,000 से अधिक हो चुकी हैं। यह महाविद्यालय संभाग का सबसे बड़ा कन्या महाविद्यालय है।

सन् 2003 से यह महाविद्यालय स्वशासी एवं उत्कृष्टता का दर्जा प्राप्त कर चुका है तथा नैक द्वारा ष्ठ ग्रेड प्राप्त है। महाविद्यालय अपनी विकास यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। नारी शिक्षा की अपार संभावनाओं एवं क्षमताओं को अनुकूल वातावरण देने, सक्रिय पहल की दिशा में यह महाविद्यालय एक चुनौती के रूप में विद्यमान हैं।

महाविद्यालय के सतत् विकास में पूर्व छात्राओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्था की चहुँमुखी उन्नति की दिशा में पूर्व छात्राओं को जोड़कर एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन किया गया। रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा दिनांक 24.02.2014 को एल्यूमिनी एसोसियेशन का विधिवत पंजीकरण किया गया। महाविद्यालय में विभिन्न महत्वपूर्ण अवसरों जैसे नैक समिति, ऑटोनॉमी रिब्यू समिति एवं अन्य अवसरों पर पूर्व छात्रा सम्मेलन ''एल्यूमिनी मीट'' आयोजित की गई है।

गठित एल्यूमिनी ऐसोसियेशन की विभिन्न बैठकों में निम्न सम्माननीय पदाधिकारीगण हमेशा उपस्थित रहे।

**पूर्व छात्रा संरक्षक मंडल –**

डॉ0 श्रीमति मीना पिंपलापुरे – उद्योगपति एवं समाजसेवी

श्रीमति सुधा जैन – पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष केबिनेट दर्जा प्राप्त म.प्र. महिला एवं वित्त विकास निगम

श्रीमति पारूल साहू – पूर्व विधायक, सुरखी

**पूर्व छात्रा सलाहकार –**

डॉ. कामायनी भट्ट – सेवानिवृत्त, पूर्व विभागाध्यक्ष – गृहविज्ञान, कन्या महा., सागर

प्रो. कुसुम भूरिया – सेवानिवृत्त,प्रोफेसर, विभागाध्यक्ष संस्कृत, विश्वविद्यालय, सागर

प्रो. सुमन जैन – सेवानिवृत्त, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र, कन्या महाविद्यालय, सागर

डॉ. विजयलक्ष्मी दुबे – सेवानिवृत्त, लेक्चरर, इम्मानुएल विद्यालय, सागर

श्रीमति रागनी श्रीवास्तव – लेक्चरर, आदर्श संगीत महाविद्यालय, सागर

डॉ. स्मिता दुबे – एम.बी.बी.एम., किलकारी अस्पताल, सागर

**पूर्व छात्रा –**

| | | |
|---|---|---|
| अध्यक्ष | – | डॉ. रेखा बख्शी – प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान, कन्या महा. सागर |
| उपाध्यक्ष | – | डॉ. शक्ति जैन – प्राध्यापक अर्थशास्त्र, कन्या महाविद्यालय, सागर |
| सचिव | – | डॉ. पद्मा आचार्य – प्राध्यापक गृहविज्ञान, कन्या महाविद्यालय, सागर |
| सहसचिव | – | डॉ. दीपा खटीक – सहा. प्राध्यापक भौतिकी, कन्या महाविद्यालय, सागर |
| कोषाध्यक्ष | – | डॉ. रश्मि मलैया – सहा. प्राध्यापक, गृहविज्ञान, कन्या महा. सागर |
| कार्यकारिणी सदस्य | – | डॉ. शारदा विश्वकर्मा– अतिथि विद्धान– मनोविज्ञान, वि.वि. सागर |
| | | डॉ. भावना पटैल, अतिथि, विद्धान, भूगोल, कन्या महा. सागर |

उच्च शिक्षा से प्राप्त निर्देशों में स्पष्ट किया गया कि किसी भी संस्था के लिए उसके पूर्व विद्यार्थी बहुत बड़ी निधि होते हैं। ये अपनी मातृ संस्था को वित्तीय सहायता, नवाचारी विचार शैक्षिक, व्यवसायिक एवं व्यक्तिगत परामर्श के माध यम से गुणात्मक अभिवृद्धि करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

महाविद्यालय अपने इन पूर्व विद्यार्थियों के अनुभवों का लाभ उठाने के लिए पाठ्यक्रम निर्माण समिति, अकादमिक समिति आदि में विशिष्ट सदस्य बना सकते हैं। इन्हें समय–समय पर आमंत्रित कर अध्ययनरत् विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम, परामर्श, उत्प्रेरक कार्यशालाएं आयोजित कर सकते है। इससे अध्ययनरत विद्यार्थियों में रोजगार पाने की क्षमता बढ़ेगी।

2013–2014 में ही ''नैक कमेटी'' के आने के पूर्व, तत्कालीन प्राचार्य डॉ0 जे0पी0एन0 पाडेय के संरक्षण में महाविद्यालयीन स्तर पर एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन किया गया। इस समिति में उन प्राध्यापकों/सहायक प्राध्यापकों/अतिथि विद्धान का चयन किया गया जिन्होंने इसी महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण की और आज इसी महाविद्यालय को अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

विश्व बैंक परियोजना के स्टुडेंट ट्रेकिंग प्रोग्राम के अंतर्गत महाविद्यालय एल्यूमिनी एसोसियेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय पूर्व छात्रा स्नेह सम्मेलन दिनांक 29 एवं 30 मार्च 2019 को आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन सत्र महाविद्यालय के प्रथम बैच की छात्रा, उद्योगपति एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मीना पिंपलापुरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य डॉ0 अखिलेश पटैरिया ने की। भोपाल से पधारे डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ0 एस0के0 विजय समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। अतिथि सम्मान के उपरांत समन्वयक डॉ0 नवीन गिडियन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। एल्यूमिनी एसोसियेशन की अध्यक्ष डॉ0 रेखा बख्शी ने आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराया। इस अवसर पर कौटिल्य एकेडमी के श्री आलोक कुमार सिंह ने महाविद्यालय की पूर्व एवं वर्तमान छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। आयोजन के अगले सोपान पर द्वितीय सत्र में महाविद्यालय की विकास यात्रा का संगीतमय मंचन किया गया। स्वर सरिता म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा आकर्षक ढंग से महाविद्यालय की पृष्ठभूमि के साथ रोजगार के अवसर पर मंचन को केन्द्रित किया गया। इसी के साथ प्रादेशित समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिवर्ष अनुसार, इस वर्ष भी मार्च 2020 के अंतिम सप्ताह स्टुडेन्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन ''एल्यूमिनी मीट'' का आयोजन किया जाना प्रस्तावित था। लेकिन कोरोना संक्रमण (कोविड 19) के कारण संपूर्ण देश में दिनांक 23 मार्च, 2020 से लॉक डाऊन हो गया जो निरन्तर जारी है। जिसके कारण इस वर्ष 2020 में एल्यूमिनी मीट कार्यक्रम का आयोजन नहीं हो सका।

❖ ❖ ❖